					5. अखबारी कागज के लिए व्यक्तिक समाचार पत्रों/पत्रिकाओं की मूल हकदारी का निश्चय भारत के लिए समाचार-पत्रों के पंजीयक, नई दिल्ली द्वारा 1970—1971 में वास्तविक प्रकाशित उनके औसत प्रकाशन, पृष्ठों की औसत संख्या तथा पृष्ठ के विस्तार के औसत के आधार पर या 1970-71 (देखिए जो सार्वजनिक सूचना संख्या 51-आई० टी० सी० (पी एन)/70, दिनांक 7 अप्रैल, 1970 में घोषित की गई थी) के लिए अखबारी कागज नियतन नीति की शर्तों के अनुसार स्वीकृत हकदरी तथा उक्त सार्वजनिक सूचना की टिप्पणी-सात की शर्तों के अनुसार स्वीकृत वृद्धि, चाहे जो भी इससे कम हो, के आधार पर किया जाएगा।
					6. अखबारी कागज की हकदारी की पूर्ति उपर्युक्त कंडिका-पांच की शर्तों के अनुसार आवेदकों के नाम में

1	2	3	4	5	6
					आयात लाइसेंस (सों) या प्राधिकरण (णों) को जारी कर निम्नलिखित तरीके से की जाएगी :—

वार्षिक हकदारी	आयातित अखबारी कागज के लिए स्वीकृत की जाने वाली मात्रा	नेपा मिलों के द्वारा तैयार किए गए देशी अखबारी कागज के लिए स्वीकृत की जाने वाली मात्रा	स्वतंत्र साधनों के लिए सीधे लाइसेंस के लिए प्राधिकृत की जाने वाली मात्रा	सूचीबद्ध आयातों के लिए प्राधिकृत की जाने वाली मात्रा
1	2	3	4	5
आवधिक अखबारी कागज तथा देशी अखबारी कागज				
दैनिक समाचार-पत्र (उसके रविवारीय प्रकाशनों के साथ)				
(क) 100 टन से कम	100 प्रतिशत	कुछ भी नहीं	100 प्रतिशत	कुछ भी नहीं
(ख) 100 टन या उससे ऊपर किन्तु 400 टन से कम।	100 प्रतिशत	कुछ भी नहीं	भारत के लिए समाचार-पत्रों के पंजीयक द्वारा निश्चय किया जाना है।	
(ग) 400 टन या उससे ऊपर किन्तु 1000 टन से कम	90 प्रतिशत	10 प्रतिशत		
(घ) 1000 टन या उससे ऊपर, किन्तु 2000 टन से कम	85 प्रतिशत	15 प्रतिशत		
(ङ) 2000 टन और उससे ऊपर	80 प्रतिशत	20 प्रतिशत		

1	2	3	4	5
पत्रिकाएं				
(क) 100 टन से कम	100 प्रतिशत	कुछ भी नहीं	100 प्रतिशत	कुछ भी नहीं
(ख) 100 टन से ऊपर	100 प्रतिशत	कुछ भी नहीं	भारत के लिए समाचार-पत्रों के पंजीयक द्वारा निश्चय किया जाना है।	
चमकीले अखबारी कागज				
सारी हकदारी	100 प्रतिशत	कुछ भी नहीं	100 प्रतिशत	कुछ भी नही

टिप्पणी :—

1—स्वतंत्र संसाधनों से अनुज्ञप्त मानक अखबारी कागज का आयात भारतीय राज्य व्यापार निगम लि० द्वारा विदेश स्थित विशिष्ट संभरकों के साथ की गई संविदा के विपरीत समाचार-पत्रों द्वारा करना पड़ेगा। जब संभरक 25.00 टन से कम हिस्से के आदेश को स्वीकार नहीं करते तो हकदारी के साथ समाचार-पत्रों को 25.00 टन से कम के लिए सीधे लाइसेंस की स्वीकृति दी जाएगी यदि वे आयातों की व्यवस्था एक संस्थापित आयातक के माध्यम से करते हैं तथा 'जे' प्रपत्र के रूप में विशेष रूप से उल्लेख कर देते हैं। अन्यथा, उन्हें भारतीय राज्य व्यापार निगम लि० के साथ एक प्राधिकरण की स्वीकृति दी जाएगी।

2—(क) चमकीले/रोटोग्रेव्युर अखबारी कागज का नियतन 1970–71 के लिए उनके चमकीले/रोटोग्रेव्युर हकदारी की सीमा तक पत्रिकाओं के चमकीले कागज के उपयोक्ताओं के लिए किया जाएगा, उनकी शेष हकदारी का बंटन बिना चमकीले आयातित अखबारी कागज के लिए किया जाएगा। चमकीले/रोटोग्रेव्युर अखबारी कागज का आबंटन ऐसी पत्रिकाओं के लिए भी किया जाएगा जिन्हें टिप्पणी-पांच में निश्चित किए गए के अनुसार 4 पृष्ठों के लिए, उनकी मूल हकदारी के अनुसार अतीत में चमकीले अखबारी कागज या आर्ट पेपर प्रदान नहीं किए गए थे।

(ख) रोटोग्रेव्युर का बंटन उन पत्रिकाओं के लिए पूरी हकदारी में किया जाएगा जो 55 ग्राम विधिष्टता का उपयोग कर रही है। वे पत्रिकाएं जो 60 ग्राम का उपयोग कर रही हैं, और उनकी कुल हकदारी 100 टन से कम है, उन्हें चमकीले के लिए पूरी हकदारी में बंटन किया जाएगा, अन्य चमकीले (60 ग्राम) और रोटोग्रेव्युर (55 ग्राम) के लिए बंटन समान मात्रा में किया जाएगा।

3—सभी श्रेणियों के लिए नियतन केवल रीलों में ही किया जाएगा। समाचार-पत्रों के लिए मानक अखबारी कागज के संबंध में 10 प्रतिशत की दर से रीलों का परिवर्तन शीटों में करने के लिए अतिरिक्त मात्रा की स्वीकृति हकदारी के साथ 25.00 टन तक दी जाएगी।

4—नेपा अखबारी कागज का अधिक मात्रा में नियतन सामान्तः 10.00 टन से कम नहीं किया जाएगा।

5—हकदारी के अनुसार अखबारी कागज का आबंटन जैसा निश्चित किया गया है, उसके अनुसार वह विदेशी मुद्रा या अखबारी कागज या उनमें किसी एक या दोनों की उपलब्धता के अधीन है। ऐसी स्थिति में, जब किसी एक या दोनों में कमी हो जाए, तो उसमें उपयुक्तता के साथ कमी कर दी जाएगी।

6—मानक अखबारी कागज और नेपा अखबारी कागज के लिए भी हकदारी का हिसाब 53 ग्राम वास्तविकता पर किया जाएगा। नेपा अखबारी कागज की हकदारी का अतिरिक्त 10 प्रतिशत जिसका इस प्रकार हिसाब लगाया गया, अधिक ग्राम की क्षति-पूर्ति के रूप में बंटित किया जाएगा।

7—उन आवेदन-पत्रों के संबंध में जो 1 सितम्बर, 1971 के बाद प्राप्त किए जाते हैं, उनकी हकदारी की कटौती निम्नलिखित प्रकार से की जाएगी :—

(i) 31-12-1971 तक प्राप्त किए गए आवेदन-पत्र . 10 प्रतिशत

(ii) 31-12-1971 के परे 31-3-1972 तक प्राप्त गए आवेदन पत्र 20 प्रतिशत

सात—वृद्धि

निम्नलिखित विधि से आवेदन-पत्र पर, दैनिक समाचार-पत्रों तथा पत्रिकाओं को प्रकाशन में वृद्धि करने की स्वीकृति उस आधार पर दी जाएगी जो टिप्पणी (पांच) के अन्तर्गत मूल हकदारी निश्चित की गई है :—

(क) दैनिक समाचार-पत्र

(1) दैनिक समाचार-पत्र जिनका वितरण 15,000 प्रतियों तक है।	उनकी मूल हकदारी से अधिक की वृद्धि 20 प्रतिशत। इस वृद्धि की स्वीकृति आयातित अखबारी कागज में दी जाएगी।
(2) दैनिक समाचार-पत्र जिनका वितरण 15,000 प्रतियों से ज्यादा है और 30,000 प्रतियों तक है।	उनकी मुल हकदारी से अधिक की वृद्धि 17 प्रतिशत। इस वद्धि की स्वीकृति आयातित अखबारी कागज में दी जाएगी।
(3) दैनिक समाचार-पत्र जिनका वितरण 30,000 प्रतियों से अधिक है और 50,000 प्रतियों तक है।	उनकी मुल हकदारी से अधिक की वृद्धि 15 प्रतिशत। इस वृद्धि की स्वीकृति आयातित अखबारी कागज में दी जाएगी।
(4) दैनिक समाचार-पत्र जिनका वितरण 50,000 प्रतियों से अधिक है और 1,00,000 तक है।	उनकी मूल हकवारी से अधिक की वृद्धि 10 प्रतिशत/इस वृद्धि की स्वीकृति आयातित अखबारी कागज में दी जाएगी।
(5) दैनिक समाचार-पत्र जिनका वितरण 1,00,000 प्रतियों से अधिक है।	उनकी हकदारी से अधिक की वद्धि 5 प्रतिशत / आयातित अखबारी कागज में $2\frac{1}{2}$ प्रतिशत की वृद्धि दी जाएगी और शेष $2\frac{1}{2}$ प्रतिशत की वृधि नेपा अखबारी कागज में दी जाएगी।

(ख) पत्रिकाएं

(1) पत्रिकाएं जिनका वितरण 30,000 प्रतियों तक है।	उनकी मूल हकदारी से अधिक की वृद्धि 20 प्रतिशत। इस वृद्धि की स्वीकृति आयातित अखबारी कागज में दी जाएगी।
(2) पत्रिकाएं जिनका वितरण 30,000 प्रतियों से अधिक और 75,000 प्रतियों तक है।	उनकी मूल हकदारी से अधिक की वृद्धि 15 प्रतिशत। इस वृद्धि की स्वीकृति आयातित अखबारी कागज में दी जाएगी।

(3) पत्रिकाएं जिनका वितरण 75,000 प्रतियों से अधिक और 1,00,000 प्रतियों तक है।	उनकी मूल हकदारी से अधिक की वृद्धि 10 प्रतिशत। इस वृद्धि की स्वीकृति आयातित अखबारी कागज में दी जाएगी।
(4) पत्रिकाएं जिनका वितरण 1,00,000 प्रतियों से अधिक है।	उनकी मूल हकदारी से अधिक की वृद्धि 5 प्रतिशत। इस वृद्धि की स्वीकृति आयातित अखबारी कागज में दी जाएगी।

टिप्पणी :—

1— विशिष्ट अनुरोध पर, साप्ताहिक पत्रिकाओं के लिए पृष्ठ–वृद्धि की स्वीकृति उपर्युक्त (सात) (ख) के आधार पर उनके लिए स्वीकार्य वृद्धि के बदले 2 पृष्ठों की वृद्धि की स्वीकृति मानक आकार में 16 पृष्ठों तक मानक आकार में दी जाएगी। पृष्ठों की संख्या और आकार टिप्पणी (पांच) की शर्तों के अनुसार निश्चित की गई उनकी मूल हकदारी पर होगी।

2— चमकीले कागज के उपयोक्ता को पत्रिकाओं के लिए बिना चमकीले आयातित अखबारी कागज में वृद्धि की स्वीकृति दी जाएगी।

(ग) उपर्युक्त (क) और (ख) में उल्लिखित वृद्धि के अतिरिक्त वर्तमान दैनिक समाचार–पत्रों और पत्रिकाओं की वृद्धि ही स्वीकृति दी जाएगी, यदि यहां तक कि ये वृद्धि स्वीकृत किए जाने पर भी उनकी हकदारी उस हकदारी से कम है जिसके लिए वे स्वीकार्य होंगे और यदि वें नीचे की टिप्पणी (नौ) के अन्तर्गत नये दैनिक /आवधिक रुप में भी समझे जाएं।

आठ—टिप्पणी आठ (सात) में उल्लिखित नियतन को छोड़ कर, अखबारो/पत्रिकाओं के परिचालन पृष्ठ की संख्या, पृष्ठ–क्षेत्र–फल तथा आवधिकता में वृद्धि के कारण, उन्हें टिप्पणी (पांच) में निर्धारित हकदारी से अधिक अखबारी कागज का बंटा नहीं किया जाएगा। लेकिन, लाइसेंस अवधि के लिए प्राधिकृत, अखबारी कागज की प्राधिकृत मात्रा के भीतर प्रत्येक अखबार पत्रिका को अपने स्वयं की आवश्यकता को पूरा करने हेतु परिचालन, पृष्ठ की संख्या तथा पृष्ठ–क्षेत्र–फल का समंजन करने की स्वतन्त्रता होगी। 'सामुहिक स्वामित्व एककों' को विभिन्न प्रकाशनों के बीच में, चाहे प्रकाशन उसी शीर्षक/नाम से क्यों न हो, एकक का प्राधिकृत किए गए कोटे को समंजन करने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

टिप्पणी:—अखबारी कागज नियंत्रण आदेश, 1962 की धारा (3) उपधारा (3) में दी गई व्यवस्थाओं के अनुसार अखबार/पत्रिका (एं) टिप्पणी (पांच) तथा (सात) के अन्तर्गत नियत मात्रा से अधिक अखबारी कागज का प्रयोग अथवा खपत नही करेगी।

नौ—(क) नई पत्रिकाओं और अखबारों के लिए अखबारी कागज की उपलब्धता के संबंध में निकासी।

नई दैनिक अखबारों तथा पत्रिकाओं के प्रकाशनों को चाहिए कि प्रकाशन शुरु करने से पूर्व भारत के समाचार–पत्रों के पंजीयक से अखबारी कागज की उपलब्धता से संबंधित निकासी प्राप्त करे। बंटन नीति के अंतर्गत निकासी के लिए आवेदन करते समय अनुबंध–(चार) में बताए गए के अनुसार जानकारी दीं जानी चाहिए।

(ख) **नई दैनिक पत्रिकाएं**

नई दैनिक पत्रिकाओं के प्रकाशन प्रारम्भ हो जाने पर प्रथम तीन मास के दौरान प्रति प्रकाशन दिन के लिए मानक आकार (393.75 वर्ग इंचों) के 8 पृष्ठों की 10,000 प्रतियों तक का औसत परिचालन कायम रखने के लिए प्रारम्भिक कोटे की स्वीकृति दी जाएगी। प्रथम तीन मास के लिए, राज्य व्यापार निगम के स्टाक में से आयातित अखबारी कागज बंटित किया जाएगा। तीन मास के नैयमिक प्रकाशन के पश्चात्, नई दैनिक पत्रिकाओं द्वारा, प्रथम तीन मास के दौरान, औसत प्राप्त परिचालन तथा औसत पृष्ठ-क्षेत्र-फल तथा मुद्रित किए गए पृष्ठों की संख्या के साक्ष्य (प्रस्तुत सार्वजनिक सूचना के अनुबंध-(दो) में दिए गए के अनुसार सनदी लेखा पाल के प्रमाण-पत्र के रूप में) भेजने की आवश्यकता होगी, और उनकी हकदारी, उनके प्रथम तीन मास के दौरान वास्तविक प्राप्त औसत परिचालन, वास्तविक मुद्रित पृष्ठ-क्षेत्र-फल को ध्यान में रखते हुए, किन्तु अधिक से अधिक 15,000 प्रतियों तथा मानक आकार में 8 पृष्ठों के अधीन ही नियत की जाएगी।

(ग) **नई साप्ताहिक, त्रै-साप्ताहिक, अर्ध-साप्ताहिक, पाक्षिक तथा मासिक पत्रिकाएं**

नई साप्ताहिक, त्रै-साप्ताहिक, अर्ध-साप्ताहिक, पाक्षिक तथा मासिक पत्रिकाओं के प्रकाशन के प्रारम्भ होने के पश्चात्, प्रथम तीन मास के दौरान प्रति प्रकाशन दिन के लिए मानक आकार (393.75 वर्ग इंचों) के 8 पृष्ठों की 10,000 प्रतियों तक के औसत परिचालन को कायम रखने के लिए प्रारम्भिक कोटे की स्वीकृति दी जाएगी। प्रथम तीन मास के लिए आयातित अखबारी कागज बंटित किया जाएगा। तीन मास के नैयमिक प्रकाशन के पश्चात्, नई साप्ताहिक, त्रै-साप्ताहिक, अर्ध-साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक पत्रिकाओं द्वारा, प्रथम तीन मास के दौरान औसत प्राप्त परिचालन तथा औसत पृष्ठ-क्षेत्रफल तथा मुद्रित किए गए पृष्ठों की संख्या के साक्ष्य (प्रस्तुत सार्वजनिक सूचना के अनुबन्ध-(दो) में दिए गए के अनुसार सनदी लेखापाल के प्रमाण-पत्र के रूप में) भेजने की आवश्यकता होगा, और उनकी हकदारी, उनके प्रथम तीन मास के दौरान वास्तविक प्राप्त औसत परिचालन, वास्तविक मुद्रित पृष्ठ क्षेत्रफल को ध्यान में रखते हुए किन्तु मासिक पत्रिकाओं और पाक्षिक पत्रिकाओं को छोड़ कर, जिन्हें अधिकतम 15,000 प्रतियां तथा मानक आकार के 16 पृष्ठों तक के लिए कोटे ही स्वीकृति दी जाएगी, अधिक से अधिक 15,000 प्रतियों तथा मानक आकार के 8 पृष्ठों के अधीन नियत की जाएगी।

(घ) **साप्ताहिक त्रै-साप्ताहिक, अर्ध-साप्ताहिक, पाक्षिक तथा मासिक पत्रिकाओं से भिन्न नई पत्रिकाएं।**

ऐसी पत्रिकाओं के लिए पहले तीन मास के लिए कोई कोटा निर्धारित नहीं किया जाएगा। तीन मास के नियमित प्रकाशन के बाद, ऐसी पत्रिकाओं के प्रकाशकों को अनुबन्ध-(चार) में निहित जानकारी के साथ, और पत्रिकाओं का प्रथम तीन मास के दौरान प्राप्त औसत परिचालन तथा उनका पृष्ठ-क्षेत्रफल और छपे गए पृष्ठों की संख्या प्रदर्शित करते हुए सनदी लेखापाल से एक प्रमाणपत्र के साथ, वास्तविक उपयोक्ता प्रपत्र में एक आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना चाहिए। नई पत्रिकाओं के लिए कोटे का आबंटन प्रथम तीन महीनों के दौरान उनके वास्तविक प्राप्त औसत परिचालन तथा पृष्ठों की औसत संख्या और वास्तव में छापे गए पृष्ठ-क्षेत्रफल के आधार पर अधिक से अधिक 15,000 प्रतियों और प्रत्येक के मानक साइज के 16 पृष्ठों के लिए शेष लाइसेंस अवधि के लिए किया जाएगा।

(ङ) वर्तमान समाचार-पत्र जिन्होंने 1970-71 में लाइसेंस/प्राधिकरण के कागज के उपयोग के लिए निकासी प्राप्त नहीं की थी, वे उपर्युक्त कंडिका (नौ) (क), (ख) तथा (ग) में यथा उल्लिखित उपचारित होंगे।

दस— किसी सामान्य स्वामित्व वाले एकक द्वारा प्रायोजित/अभिगृहीत अतिरिक्त समाचार-पत्र (पत्रों) के लिए कोई अखबारी कागज उपलब्ध नहीं कराया जाएगा और न ही ऐसे एककों को अपने प्राधिकृत कोटे में से नये समाचारपत्र/पत्रिकाएं प्रकाशित करने की अनुमति दी जाएगी।

टिप्पणी:—इस सार्वजनिक सूचना के उद्देश्य के लिए 'सामान्य स्वामित्व वाले एकक' का अर्थ उस समाचारपत्र संस्थान या व्यापार संस्था से है जो कम से कम एक दैनिक सहित दो या इससे अधिक समाचार अधिरुचि वाले समाचार पत्रों के स्वामी हों। इस उद्देश्य के लिए ऐसे समाचारपत्रों के प्रकाशन के केन्द्र (केन्द्रों) तथा भाषा (भाषाओं) को ध्यान में नहीं रखा जाता।

ग्यारह—पत्रिकाओं की निम्नलिखित कोटियां अखबारी कागज के बंटन के लिए हकदार नहीं होंगी यद्यपि वे समाचार पत्रों के रुप में वर्गीकृत हैं :—

(ए) मुख्यतया सेवाओं के माल की बिक्री का संवर्धन करने के लिए छापे गए जर्नल;

(बी) व्यक्तियों/फर्मों/औद्योगिक संस्थाओं द्वारा प्रकाशित किये गए घरेलू जर्नल/मैगजीन;

(सी) मूल्य सूची तथा तालिकाएं;

(डी) मुफ्त वितरण के लिए प्रकाशन;

(ई) कथा साहित्य;

(एफ) अध्ययावन-प्रतियोगिता मार्गदर्शिनी;

(जी) स्कूल/कालिज मैगजीन; और

(एच) अध्यापन जर्नल/अध्यापन मार्गदर्शिनी।

बारह—यदि किसी समाचारपत्र/पत्रिका ने 1970-71 में इसकी मंजूर की गई वृद्धियां तथा मध्य अवधि चुनाव के कोटे सहित बंटित मात्रा का पूर्ण उपयोग नहीं किया था, तो बिना उपयोग की हुई मात्रा की 1971-72 के लिए इसकी हकदारी से समायोजित कर दिया जाएगा। 1970-71 में अखबारी कागज के उपयोग का निश्चय करने में भारत के समाचारपत्र पंजीयक को समर्थ बनाने के लिए प्रकाशन का विस्तृत ब्यौरा (मासिक) पृष्ठ संख्या, पृष्ठ-क्षेत्रफल तथा 1970-71 में प्रकाशन के दिनों की संख्या इस सार्वजनिक सूचना के अनुबन्ध-(दो) तथा (पांच) में दिये गए प्रपत्र में समाचारपत्रों/पत्रिकाओं द्वारा उसको प्रस्तुत करना चाहिए। 1970-71 में उपभोग की गणना इस अवधि में प्रकाशन के दिनों की वास्तविक संख्या के आधार पर की जाएगी। उपर्युक्त अनुबन्ध-(दो) में प्रस्तुत ब्यौरा सनदी लेखापाल द्वारा प्रमाणित होना चाहिए। जहां समाचार पत्र/पत्रिका का परिचालन प्रति प्रकाशन दिन 2000 प्रतियों से कम हो वहां सनदी लेखापाल के प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं।

टिप्पणी:—निर्यात संवर्धन आदि के लिए योजनाओं के अन्तर्गत 1970-71 में किये गए बंटन को भी 1970-71 में समाचारपत्रों द्वारा बिना उपयोग की गई मात्रा का निश्चय करने के लिए ध्यान में रखा जाएगा।

तेरह—मुफ्त वितरित प्रतियों की संख्या, अधिकृत प्रतियां या कोई अन्य मुद्रित प्रतियां जो न तो बिकी हैं और न मुफ्त वितरित हुई हैं, अखबारी कागज के बंटन/उपभोग के उद्देश्य के लिए ध्यान में रखी जाएंगी बशर्ते कि ये प्रतियां मुद्रण आदेश की समुचित प्रतिशतता का प्रतिनिधित्व करती हों और निम्नलिखित सीमाओं से किसी भी प्रकार अधिक न हों :—

परिचालन	दैनिक, त्रै–साप्ताहिक तथा अर्ध–साप्ताहिक	साप्ताहिक तथा पाक्षिक	मासिक, त्रैमासिक तथा अन्य
2500 तक	10 प्रतिशत	20 प्रतिशत	25 प्रतिशत
2,500 से 5,000 के बीच	10 प्रतिशत	15 प्रतिशत	20 प्रतिशत
5,000 से 10,000 के बीच	10 प्रतिशत	10 प्रतिशत	15 प्रतिशत
10,000 से अधिक	5 प्रतिशत	5 प्रतिशत	10 प्रतिशत

चौदह—यदि समाचारपत्रों/पत्रिकाओं ने पुस्तक मुद्रण तथा पंजीयन अधिनियम, 1867 के भाग (दो) (बी) जिसको समाचारपत्र (केन्द्रीय) पंजीयन नियमों, 1956 के नियम 5 के साथ पढ़ा जाए, में यथाअपेक्षित 1970–71 वर्ष में प्रकाशित किये जाने वाले अपने प्रकाशनों की प्रतियों की पूर्ति नहीं की तो परिगणित उपभोग, देखिए उपर्युक्त टिप्पणी (बारह), निम्नलिखित रूप में कटौती के अधीन होगा :—

यदि नियमितता 50 प्रतिशत से अधिक और 75 प्रतिशत से कम हो	25 प्रतिशत
यदि नियमितता 25 प्रतिशत से अधिक और 50 प्रतिशत से कम हो	50 प्रतिशत

जिस समाचारपत्र की नियमितता 25 प्रतिशत से कम होगी उसके लिए साधारणतया कोटा मुक्त नहीं किया जाएगा।

टिप्पणी :—समाचारपत्रों और पत्रिकाओं के प्रकाशक अखबारी कागज के कोटे के बंटन में विलम्ब का परिहार करने के लिए अप्रैल, 1970–मार्च, 1971 अवधि के लिए या तो संबद्ध डी० आई० बी० कार्यालय से या शिमला में आर० एन० आई० के कार्यालय (जैसा भी मामला हो) से प्राप्त नियमितता प्रमाणपत्र (मूल रूप में) अपने औपचारिक वास्तविक उपयोक्ता आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं।

पन्द्रह—लघु समाचारपत्र जिन की अखबारी कागज के लिए हकदारी है और जो प्रतिवर्ष 40 टन से कम अखबारी कागज के लाइसेंस के लिए आवेदन करते हैं उन्हें आयात लाइसेंस आवेदन–पत्र शुल्क का भुगतान करने से और आयकर सत्यापन संख्या प्रस्तुत करने से छूट होगी। इस छूट में आर्ट कागज कोटे के लिए आवेदन-पत्र शामिल नहीं होंगे।

सोलह—यदि कोई वास्तविक उपयोक्ता उसको जारी किये गए लाइसेंस के प्रति अखबारी कागज या आर्ट पेपर का आयात करने की स्थिति में नहीं है तो वह जिस पार्टी के माध्यम से आयात करना चाहता है, उसके लिए प्राधिकार पत्र जारी करवाने के लिए आवेदन कर सकता है बशर्ते कि उस पार्टी के पास अखबारी कागज के लिए कोटा प्रमाण–पत्र हो अथवा विदेशी संभरकों का एकमात्र अभिकर्त्ता हो।

सत्रह—आर्ट पेपर

(ए) आवरण पृष्ठों और/या भीतरी पृष्ठों के लिए आर्ट पेपर के लिए लाइसेंस केवल उन्हीं पत्रिकाओं को जारी किए जाएंगे जिन को 1970–71 में आवरण पृष्ठों और/या भीतरी पृष्ठों के लिए आर्ट पेपर के लिए लाइसेंस प्रदान किये गए थे।

(बी) यदि अखबारी कागज पर मुद्रित पत्रिकाओं के आवरण पृष्ठों के लिए आर्ट पेपर के लिए लाइसेंस प्राप्त है तो प्रति-प्रकाशन-दिन में 100 पृष्ठ तक की पत्रिकाओं के के लिए ग्रामों की संख्या प्रति वर्ग मीटर 100 ग्राम से अधिक नहीं होगी और जिन का प्रकाशन प्रति दिन 100 पृष्ठ से अधिक है, उनके लिए ग्रामों की संख्या प्रति वर्ग मीटर 135 ग्राम से अधिक नहीं होगी। पूर्ण रुपेण आर्ट पेपर पर मुद्रित पत्रिकाओं के आवरण पृष्ठों के लिए प्रत्येक मामले की पात्रता के आधार पर अधिक ग्रामों की अनुमति दी जा सकती है। इसके लिए भारत के लिए समाचारपत्रों के पंजीयक का निर्णय अंतिम होगा।

(सी) आवरण पृष्ठों और/या भीतरी पष्ठों में उपयोग होने वाले आर्ट पेपर के लिए हकदारी की गणना आर्ट पेपर पर छापे गए आवरण पृष्ठों और/या भीतरी पृष्ठों और 1970–71 के दौरान औसत परिचालन की संख्या के आधार पर की जाएगी। यह हकदारी आवंटित तथा देशी आर्ट पेपर के लिए 1970–71 में किए गए अधिकतम बंटन के अधीन होगी। इस सार्वजानिक सूचना के अनुबन्ध–(दो) में दिये गए प्रपत्र में सनदी लेखापाल के अतिरिक्त इस सार्वजनिक सूचना के अनुबन्ध–(तीन) में दिये गए प्रपत्र में सनदी लेखापाल से प्राप्त एक और प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए।

अट्ठारह—आर्ट पेपर के लिए लाइसेंस अप्रैल, 1971–मार्च, 1972 वर्ष की रेड बुक में वार्षिक लाइसेन्सों के लिए निर्धारित शर्तों के अधीन वार्षिक आधार पर जारी किए जाएंगे। चमकदार तथा मानक अखबारी कागज के लिए भी वार्षिक आधार पर लाइसेन्स जारी किये जाएंगे। परन्तु ये लाइसेन्स इस शर्त के अधीन होंगे कि 30 सितम्बर, 1971 तक इन का उपयोग अपनी मात्रा तथा मूल्य के केवल 50 प्रतिशत तक किया जा सकता है। वास्तविक उपयोक्ता के लिए यह आवश्यक नहीं होगा कि वह शेष 50 प्रतिशत के उपयोग नहीं किए जाने के संबंध में चमकदार तथा मानक अखबारी कागज के लाइसेन्सों को पृष्ठांकन के लिए वापस करे। मूल्य की शर्तों के अनुसार 20,000 रुपये तक की वार्षिक हकदारी के लिए चमकदार तथा मानक अखबारी कागज के लिए जारी किये गए लाइसेन्स इन की वैधता अवधि के भीतर किसी भी समय एक बार में उपयोग किये जा सकते हैं और ये 30 सितम्बर, 1971 तक केवल 50 प्रतिशत के उपयोग सम्बन्धी शर्त के अधीन नहीं होंगे।

उन्नीस—इस सार्वजानिक सूचना के उद्देश्य के लिए भारत के लिए समाचार-पत्रों का पंजीयक जैसा आवश्यक समझें ऐसे सीमान्त समायोजन कर सकता है।

अनुबन्ध 2

अप्रैल 1970–मार्च 1971 अवधि के लिए वितरण इत्यादि के सम्बन्ध मे सनदी लेखापाल के प्रमाणपत्र का प्रारूप ।

(सनदी लेखा पाल के सरनामा पर टंकित किया जाना है)

1. अखबार/पत्रिका का नाम
2. प्रकाशन का स्थान
3. भाषा
4. आवधिकता

	अप्रैल 1970	मई 1970	जून 1970	जुलाई 1970	अगस्त 1970	सितम्बर 1970	अक्तूबर 1970	नवम्बर 1970	दिसम्बर 1970	जनवरी 1971	फरवरी 1971	मार्च 1971	1-4-1970 से 31-3-1971 तक की अवधि के लिए औसत
(क) 1-4-1970 से 31-3-1971 तक प्रति प्रकाशन दिन के हिसाब से माहवारी छापी गई प्रतियों की औसत सं०													
(ख) 1-4-1970 से 31-3-1971 तक प्रति प्रकाशन दिन के हिसाब से माहवारी बेची गई प्रतियों की औसत संख्या													

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
(ग) 1-4-1970 से 31-3-1971 तक प्रति प्रकाशन दिन के हिसाब से माहवार मुफ्त बांटी गई प्रतियों की औसत संख्या (जिसमें सम्पूरक, साधिका नमुने तथा कार्यालय प्रतियां भी शामिल हैं) ।													
(घ) न बेची गई तथा अन्य छापी गई प्रतियों की माहवार औसत संख्या का विवरण किन्तु वे (ख) तथा (ग) में शामिल नहीं हैं ।													
(ङ) 1-4-1970 से 31-3-1971 तक की अवधि के दौरान अखबार/पत्रिका के पृष्ट का वर्ग इंचों में औसत साइज का माहवारी विवरण ।													

(च) 1-4-1970 से 31-3-1971 तक प्रति प्रकाशन दिन के हिसाब से अखबार/पत्रिका के पृष्टों की औसत सं० का माहवार विवरण ।

(छ) 1-4-1970 से 31-3-1971 तक माहवार वास्तविक प्रकाशन दिनों की संख्या

प्रकाशक के हस्ताक्षर.....

दिनांक

सनदी लेखापाल द्वारा प्रमाण-पत्र

मैं/हमने.....की पुस्तकों तथा लेख का जो 1-4-1970 से 31-3-1971 तक की अवधि

[अखबार का नाम (भाषा तथा आवधिकता]

के दौरान.....से प्रकाशित की गई थी, निरीक्षण कर लिया है और हमारे द्वारा मांगी गई सभी सूचनाएं तथा विवरण प्राप्त कर लिए

(पता)

गए हैं । मेरे/हमारे विचार में 1–4–1970 से 31–3–1971 तक की अवधि के लिए उपर्युक्त विवरण मेरी/हमारी जानकारी तथा विश्वास तथा लेख की पुस्तकों में दिखाए गए तथा मुझे/हमे दिए गए विवरण के अनुसार वितरण, पृष्ठों, आकार तथा प्रकाशन के दिनों की संख्या का सही विश्लेषण प्रस्तुत करते हैं ।

हस्ताक्षर.....

(नाम साफ साफ अक्षरों मे लिखें)

सनदी लेखापाल

दिनांक.....

पजीकरण संख्या

सनदी लेखापाल की मुहर

पता

टिप्पणी :—यदि माहवारी औसत परिचालन 2000 प्रतियों से अधिक होता है तो अलग से प्रत्येक प्रकाशन दिन के हिसाब से औसत प्रकाशित प्रतियों की सख्या, बची गई, मुफ्त बाटी गई प्रतियों इत्यादि को दर्शाते हुए सनदी लेखापाल का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए । यदि माहवारी परिचालन सख्या 2000 प्रतियों अथवा इससे कम है तो उपर्युक्त अनुबन्ध में विवरण देकर उसे प्रकाशक के हस्ताक्षर के अन्तर्गत भेजा जाना चाहिए ।

अनुबन्ध 3

आर्ट पेपर की खपत के संबन्ध में भेजे जाने वाले सनदी लेखापाल के प्रमाण पत्र का प्रारूप

(सनदी लेखापाल के सरनामा पर टंकित किया जाना है)

हम/मैं.....

(पंजीयन संख्या (एं) (पूरा पता)

के पंजीकृत सनदी लेखापाल एतदद्वारा घोषणा करते हैं कि.....

की अवधि से.....तक की अवधि के लिए सर्व श्री.....

की.....की खपत के लिए पुस्तकों तथा रिकार्ड का निरीक्षण कर चुके

(पणवस्तु का नाम)

हैं और प्रमाणित करते हैं कि हमारी/मेरी जानकारी तथा विश्वास तथा हमें/मुझे दिए गए विवरण के अनुसार उनकी आयातित तथा देशी (पणवस्तु) की खपत उक्त अवधि के दौरान निम्न प्रकार थी :—

	आयातित		देशी	
पणवस्तु का नाम	(मात्रा)	मूल्य (रुपये में)	(मात्रा)	मूल्य (रुपये में)

हस्ताक्षर.....

(नाम साफ साफ अक्षरों में)

दिनांक..... पंजीयन संख्या.....

सनदी लेखापाल (लें) की मुहर पता

अनुबन्ध 4

टिप्पणी :—निम्नलिखित विवरण को नई दैनिक समाचार-पत्रों तथा पत्रिकाओं के मामले में भेजे जाने की आवश्यकता है । वर्तमान अखबार और पत्रिकाएं जिन्होंने 1970—71 में अखबारी कागज के या लाइसेंस/प्राधिकरण के उपयोग के लिए निकासी प्राप्त नहीं की थी, उन्हें नई पत्रिकाओं के रूप में ही लिया जाएगा ।

1. प्रकाशन का नाम
2. प्रकाशन का स्थान
3. भाषा
4. आवधिकता*
5. एक प्रति की कीमत
6. पृष्ठ का साइज :—

लम्बाई (.....) (इंचों में)

चौड़ाई (.....) (इंचों में)

पृष्ट-क्षेत्र फल (.....) (वर्ग इंचों में)

7. प्रत्येक प्रति की औसत पृ ट संख्या

8. यदि प्रकाशन अभी तक प्रकाशित नहीं हुआ है, तो

(क) प्रकाशन की प्रस्तावित तिथि

(ख) प्रस्तावित परिचालन :—
प्रतियां बची जानी हैं.....
मुफ्त बांटी जाने वाली प्रतियां इत्यादि.....

(ग) अन्य ब्यौरों के साथ जब घोषणा पत्र दाखिल किया गया था, उसकी तिथि ।

9. यदि प्रकाशन पहले ही प्रकाशित होना शुरू हो गया है, तो

(क) शुरु होने की तिथि

(ख) यदि अखबार का प्रकाशन 31-12-1970 के बाद शुरु हुआ है, तो प्रथम तीन महीनों के प्रकाशन के दौरान प्रत्येक प्रकाशन दिन के हिसाब से औसत परिचालन

अथवा

यदि अखबार का प्रकाशन 1-1-1971 से पूर्व शुरु हो गया है, तो 1970-71 में प्रति प्रकाशन दिन के हिसाब से औसत परिचालन ।

मुद्रित की गई प्रतियों की औसत संख्या;

बची गई प्रतियों की औसत संख्या;

मुफ्त बांटी गई प्रतियों की औसत संख्या;

वर्ष के दौरान प्रकाशित अंकों की संख्या;

(यदि औसत परिचालन 2000 प्रतियों से अधिक होता है, तो अलग से, प्रति प्रकाशन दिन के हिसाब से औसत मुद्रित प्रतियों की संख्या, बची गई, मुफ्त बांटी गई प्रतियों की संख्या को दर्शाते हुए सनदी लेखापाल का प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए)।

10. (क) क्या प्रकाशन मुद्रणालय तथा पुस्तकों के पंजीयन अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत है ?

(ख) यदि उपर्युक्त (क) के लिए उत्तर हां है, तो भारत के लिए समाचार-पत्रों के पंजीयक द्वारा नियत की गई पंजीयन संख्या ।

11. (क) स्वामी(यों) तथा विदेशक(कों) तथा भागीदार(रों) इत्यादि के नाम तथा पता(ते);

(ख) क्या स्वामी(यों) भागीदार(रों) तथा निदेशक(कों) अथवा इनमें से कोई भी पहले से ही वर्तमान अखबार(रों) अथवा पत्रिका(ओं) से संबद्ध है/हैं ?

(ग) यदि उपर्युक्त (ख) के लिए उत्तर हां है, तो स्वामी(यों) आदि के नाम तथा वे जिन अखबार(रों) से संबन्धित है उनके नाम तथा पता(ते) :—

स्वामी(यों) आदि के नाम	अखबार(रों) जिसके साथ संबन्धित हैं			
	नाम	भाषा	आवधिकता	प्रकाशन —स्थान
1—				
2—				
3—				

12. वर्तमान अथवा प्रस्तावित अखबार के विषय का स्वरूप ।

13. वर्तमान समय में अथवा गत 5 वर्षों में जिस अखबार के साथ वर्तमान अखबार को सम्बन्धित किया गया है, अथवा उसके परिवार का कोई भी सदस्य सम्बन्धित है, अथवा गत 5 वर्षों के दौरान सम्बन्धित रह चुका है, उस अखबार का नाम ।

प्रकाशक के हस्ताक्षर

* दैनिक अखबारों के मामले में, क्या सप्ताह के सभी सातों दिनों को अथवा उससे कम दिनों को प्रकाशित किए गए ।

इस सम्बन्ध में, परिवार में 'पिता' 'माता' 'भाई' 'बहन' 'पुत्र' 'पुत्री' तथा 'पत्नी' को शामिल किया जाएगा ।

अनुबंध 5

1-4-1970 से 31-3-1971 तक की अवधि के दौरान अखबारों/पत्रिकाओं के लिए उपयोग किए गए अखबारी कागज को दर्शाने वाला विवरण

क्रम संख्या	पत्र का नाम	उपयोग किए गए अखबारी कागज मैट्रिक टन में			टिप्पणी
		चमकीले	मानक	नेपा पी डब्ल्यू पी	कुल
दैनिक पत्र					
1					
2					
3					
4					
5					
6					
7					
8					
आवधिक पत्रिका					
1					
2					
3					
4					
5					
6					

पी० के० समाल

मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE MANAGER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1971